# भेल को मिले तीन आइसीडब्ल्यूएआइ पुरस्कार

नई दिल्ली : सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल को बेहतर लागत प्रबंधन के लिए तीन आइसीडब्ल्यूए राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया है। ये पुरस्कार इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटस ऑफ इंडिया (आइसीडब्ल्यूएआइ) द्वारा लागत प्रबंधन और लागत प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियो के लिए दिए जाते है। कंपनी ने कहा कि उसके त्रिची, रानीपेट और झांसी की इकाइयो को वर्ष 2010 के लिए विभिन्न श्रेणियो मे पुरस्कार दिए गए।